उत्तर प्रदेश में जनपद स्तरीय ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस रैंकिंग के सकारात्मक परिणाम मिलने शुरू हो गए

- ***इस वर्ष अगस्त माह की ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस की जनपद स्तरीय रैंकिंग में कुल 178.12 स्कोर के साथं उन्नाव जनपद ने श्रेणी–ए में शीर्ष रैंक बरकरार रखी, जबकि श्रेणी–बी में 185.74 स्कोर के साथ कौशाम्बी ने प्रथम् स्थान प्राप्त किया***
- ***जनपद स्तर पर कारोबारी सहूलियत की रैंकिंग करने के कारण जुलाई माह की तुलना में अगस्त में उपयोगकर्ताओं की संतुष्टि दर बढ़ कर 73 प्रतिशत् हो गई, जबकि शिकायत निस्तारण की दर 72 प्रतिशत् से बढ़कर 75 प्रतिशत् तक हो गई***

लखनऊ, 08 सितम्बर 2020:

178.12 के कुल स्कोर के साथ उन्नाव जिले ने अगस्त, 2020 में जनपद स्तरीय ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस (व्यवसाय में सहजता) की रैंकिंग में श्रेणी–ए (सिंगल विंडो पोर्टल, निवेश मित्र के माध्यम से 2000 से अधिक आवेदन प्राप्त करने वाले जिले) में शीर्ष रैंक को बरकरार रखा है, जबकि 185. 74 स्कोर के साथ कौशाम्बी ने श्रेणी–बी (2000 से कम आवेदन प्राप्त करने वाले जिले) में अपना प्रथम स्थान बरकरार रखा है।

ज्ञात हो कि व्यवसाय में सहजता के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार ने मई 2020 से सभी 75 जिलों में मासिक जनपद स्तरीय ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस की रैंकिंग करना प्रारम्भ कर दिया था। उन्नाव और कौशाम्बी प्रारम्भ से ही क्रमशः श्रेणी ए और बी में अग्रणी जिले रहे हैं।

जिलों को व्यवसाय में सहजता के प्रमुख मापदंडों, जैसे उद्यमियों द्वारा आवेदित स्वीकृतियों, लाइसेंसों आदि के मासिक निस्तारण, शिकायत समाधान और उपयोगकर्ता के संतुष्टिपूर्ण फीडबैक पर मासिक आधार पर रैंकिंग प्रदान की जाती है।

अगस्त, 2020 में 75 जिलों में से कुल 64 जिलों ने कारोबारी सहूलियत में अपने स्कोर में सुधार किया है। जबकि कानपुर नगर, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, ललितपुर, और सीतापुर आदि जैसे 15 से अधिक जिलों ने चार से अधिक स्थानों की प्रगति की है।

जनपद स्तरीय व्यवसाय में सहजता की रैंकिंग करने के कारण उत्तर प्रदेश में उपयोगकर्ता संतुष्टि दर बढ़ कर 73 प्रतिशत् हो गई है, जबकि शिकायत निस्तारण दर जुलाई 2020 में 72 प्रतिशत् से बढ़कर अगस्त 2020 में 75 प्रतिशत् हो गई है।

गत् माह की के जिला स्तरीय रैंकिंग की घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, **अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, श्री आलोक कुमार ने कहा**, "मासिक उपयोगकर्ता संतुष्टि फीडबैक और शिकायत निस्तारण में वृद्धि राज्य में जमीनी स्तर में सकारात्मक परिवर्तन के स्पष्ट संकेत हैं। मुझे विश्वास है कि आगामी वर्ष की बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के उत्कृष्ट प्रदर्शन में जनपद स्तरीय मासिक ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस रैंकिंग की विशेष भूमिका होगी।"

————————